**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 24.04.2026**

## कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों/ठेकों के बाहर/सड़क पर खुले में शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट गाजियाबाद के आदेशानुसार कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में दिनांक 23.04.2026 को शाम 07:00 बजे से लेकर 09:00 बजे तक शराब ठेकों के आसपास व सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थानों पर एवं सड़क पर खुले में शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों की चेकिंग का एक सघन अभियान चलाया गया।

अभियान के अन्तर्गत **कुल 213 स्थानों पर 3198 व्यक्तियों को चेक किया गया**। इनमें से **357** व्यक्तियों को, जिनके द्वारा सार्वजनिक रूप से खुलेआम सड़क पर शराब का सेवन किया जा रहा था, जिससे वहाँ आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, उक्त सभी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया व उनका मेडिकल कराते हुए **34 पुलिस एक्ट** एवं **170/126/135 बीएनएसएस** के अंतर्गत कार्यवाही अम्ल में लाई गई तथा कुछ व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। इस अभियान में सभी सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गयी।

### अभियान के अन्तर्गत जोनवार कार्यवाही की स्थिति निम्नवत रही –

| क्र.सं. | जोन | चेक किये गये स्थानों की संख्या | चेक किये गये व्यक्तियों की संख्या | हिरासत में लिये गये व्यक्तियों की संख्या | कृत कार्यवाही का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 170/126/135 बीएनएसएस | 34 पुलिस एक्ट चालान |
| 1. | नगर | 66 | 1263 | 171 | 03 | 168 |
| 2. | ट्रांस हिंडन | 51 | 884 | 153 | 14 | 125 |
| 3. | ग्रामीण | 96 | 1051 | 33 | 08 | 25 |
| **कुल योग कमिश्नरेट** | | **213** | **3198** | **357** | **25** | **318** |

**कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा संचालित यह सघन अभियान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे, ताकि गाज़ियाबाद को एक सुरक्षित और अनुशासित शहर के रूप में स्थापित किया जा सके।**

## थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटना कारित करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद ।

आज दिनांक 24.04.2026 को थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन चोरी की घटना कारित करने वाला अभियुक्त सलाउद्दीन पुत्र नवाब अली निवासी कब्रिस्तान के पास ग्राम बदरपुर थाना ट्रोनिका सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 24 वर्ष को चौकी क्षेत्र पचायरा से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से थाना अंकुर विहार गाजियाबाद क्षेत्र से चोरी की गई 01 मोटरसाइकिल बरामद हुयी है । उक्त बरामदगी के आधार पर थाना ट्रोनिका सिटी पर सुसंगत धारा 317(2)/317(5) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया । अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**पूछताछ का विवरण–**

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं पहले घूमफिर कर रैकी करता हूँ तथा मौका पाकर दो पहिया वाहन को चोरी कर लेता हूँ, चोरी की मोटरसाइकिलों को जंगल व घनी झाड़ियां में छिपा देता हूँ और मौका देखकर वाहन को दिल्ली कबाडी बाजार में बेच देता हूँ। मेरे पास से जो मोटरसाइकिल बरामद हुयी हैं वह मैंने करीब 01 वर्ष पहले अंकुर विहार क्षेत्र से चोरी की थी । आज मौका पाकर मैं इस मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में था कि पुलिस ने मुझे पकड़ लिया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

सलाउद्दीन पुत्र नवाब अली निवासी कब्रिस्तान के पास ग्राम बदरपुर थाना ट्रोनिका सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 24 वर्ष ।

**बरामदगी का विवरण -**

कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद ।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग**

अभियुक्त के विरूद्ध थाना ट्रोनिका सिटी पर उपरोक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामद होने के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है । तथा पूर्व में भी घर में चोरी का 01 अभियोग, आबकारी अधिनियम का 01 अभियोग, गम्भीर चोट कारित करने का 01 अभियोग व थाना अंकुर विहार में मोटरसाइकिल चोरी का 01 अभियोग (कुल 05 अभियोग) पंजीकृत है । अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम ।

## साइबर सेल थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई कुल 1,17,400/- रुपये की धनराशि वापस करायी गई।

आज दिनांक 24.04.2026 को साइबर सेल थाना ट्रोनिका सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा आवेदिका के साथ हुए साइबर फ्रॉड में ठगी गई कुल धनराशि 1,17,400/- रुपये को आवेदिका को वापस करायी गयी।

### कार्यवाही का विवरण-

साइबर क्राइम अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर सेल थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद को NCRP पोर्टल के माध्यम से आवेदिका के साथ कुल 1,17,400/- रूपये की ऑनलाइन ठगी से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर साइबर सेल थाना ट्रोनिका सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदिका की धनराशि को होल्ड कराया गया तथा संबंधित से पत्राचार कर अथक प्रयासों के बाद आज दिनांक 24.04.2026 को आवेदिका के साथ हुई साइबर फ्रॉड की कुल धनराशि 1,17,400 रुपये धनराशि को आवेदिका को वापस कराया गया। आवेदिका द्वारा थाना ट्रोनिका सिटी पर आकर पुलिस टीम का आभार प्रकट किया गया।

### कार्यवाही करने वाली टीम-

साइबर सेल थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम।

## पुलिस सेवा की परम्पराओं, अनुशासन और सेवा भाव का अद्वितीय प्रतीक ”

## रिजर्व पुलिस लाइन्स गाजियाबाद में प्रशिक्षु आरक्षीगण हेतु सामूहिक भोज का आयोजन

रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुल **582** प्रशिक्षु आरक्षीगण का 09 माह का आधारभूत प्रशिक्षण पूर्ण होने के दृष्टिगत दिनांक 26.04.2026 को पासिंग आउट परेड कार्यक्रम प्रस्तावित है।

पासिंग आउट परेड के उपलक्ष्य में आज **दिनांक 24.04.2026** को सायं 19:00 बजे समस्त प्रशिक्षु आरक्षीगण के साथ उच्चाधिकारीगण के द्वारा **सामूहिक भोज** का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमिश्नरेट गाज़ियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वयं प्रशिक्षु आरक्षीगण को **भोजन परोसकर** उन्हें पुलिस सेवा की **परम्पराओं, अनुशासन तथा सेवा भावना** का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया।

कार्यक्रम में कमिश्नरेट गाजियाबाद एवं 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी श्रीमती प्रियाश्री पाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं द्वारा अनेक उत्साहपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई जिसमें प्रशिक्षुओं द्वारा **नृत्य, संगीत, नाटक, कवितापाठ और लोकगीत** जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा पारम्परिक लोकनृत्य,आधुनिक नृत्य एवं गीतों के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा और रचनात्मकता को दर्शाया।

सामूहिक भोज का आयोजन न केवल प्रशिक्षु आरक्षीगण के लिए एक सौहार्दपूर्ण वातावरण तैयार करने हेतु किया गया, बल्कि इसका उद्देश्य उन्हें पुलिस सेवा की गरिमा, अनुशासन और परंपराओं का अनुभव कराना भी था। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भोजन परोसने की परम्परा पुलिस बल में आपसी सहयोग, सम्मान और सेवा भावना का प्रतीक है।

इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रशिक्षु आरक्षीगण को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने यह भी बताया कि अनुशासन, ईमानदारी और सेवा भावना ही पुलिस बल की असली पहचान है।

सामूहिक भोज कार्यक्रम में प्रशिक्षु आरक्षीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सामूहिक भोज का यह आयोजन प्रशिक्षु आरक्षीगण के लिए प्रेरणादायी और अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। इस आयोजन ने प्रशिक्षुओं को पुलिस सेवा की परम्पराओं से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें प्रेरणा और उत्साह प्रदान किया।